राज्ये सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या27763

10 अगस्त2016 को उत्तर के लिए

सेल की घाटे में चलने वाली इकाइयों में विनिवेश

2763. **श्रीमती अम्बिका सोनी:**

डा. टी. सुब्बारामी रेड्डी:

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) और इसकी विभिन्न इकाइयों का विगत तीन वर्षों में पृथक रूप से समग्र कार्य-निष्पादन क्या रहा है;

(ख) क्या सरकार सेल की घाटे में चलने वाली इकाइयों में विनिवेश पर विचार कर रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने सेल की संरचना तथा इसकी विभिन्न इकाइयों की समीक्षा हेतु अन्य बातों के साथ-साथ बाहय परामर्शदाता की नियुक्ति की है, ताकि इसके कायाकल्प की रणनीति बनाई जा सके, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णुददेव साय)**

(क): विगत तीन वर्षो (अर्थात् 2013-14 से 2015-16) के लिये सेल का वित्तीय कार्य निष्पादन (प्लांट/यूनिट-वार) निम्न वत है:-

(करोड़ रूपये में)

प्लांट/ यूनिट	2013-14	2014-15	2015-16
भिलाई स्टील प्लांट	2085	2232	405
दुर्गापुर स्टील प्लांट	416	506	(-) 527
राउरकेला स्टील प्लांट	212	232	(-) 2524
बोकारो स्टील लिमिटेड	202	451	(-) 2203
इस्को स्टील प्लांट	(-) 653	(-) 1072	(-) 1939
अलॉय स्टील प्लांट	(-) 93	(-) 134	(-) 83
सेलम स्टील प्लांट	(-) 376	(-) 355	(-) 466
विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट	(-) 123	(-) 97	(-) 116
सेल रिफ्रेक्ट्री यूनिट	3	7	21
चंद्रपुर फेरो अलॉय प्लांट	(-) 78	(-) 45	(-) 78
कच्चामाल प्रभाग/ केंद्रीय यूनिटे	1628	634	310
सेल लाभ(+)/हानि(-) आयकर पूर्व	3225	2359	(-) 7198
कर	608	266	(-) 3061
सेल लाभ (+)/हानि(-) आयकर पश्चावत	2616	2093	(-) 4137

(ख) और (ग): नीति आयोग ने रणनीतिक बिक्री हेतु सेल की कुछ इकाइयो को अनंतिम तौर पर चिन्हित किया है।

(घ): सरकार ने सेल के कार्य निष्पादन में सुधार को ध्यान में रखते हुये उसकी संपूर्ण कार्य प्रणाली के अध्ययन हेतु एक बाहय परामर्शदाता की नियुक्ति का निर्णय लिया है। एक प्रबंधन परामर्शदाता पर अंतिम निर्णय के लिए मेकॉन को परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया है।

***